राष्ट्रीय सहारा
आधी दुनिया
बुधवार ● 15 फरवरी ● 2017

डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये की जाने वाली मार्केटिंग है। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कह सकते हैं। परंपरागत और डिजिटल मार्केटिंग के तौर-तरीके भले ही अलग हों, लेकिन मकसद एक ही है। उत्पाद के प्रति ग्राहकों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता विकसित करना। डिजिटल मार्केटिंग में सोशल मीडिया, मोबाइल, ई-मेल, सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सर्च इंजिन मार्केटिंग (एसईएम), सोशल मीडिया ऑप्टिमाइजेशन (एसएमओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम) आदि को टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इसमें डिजिटल माध्यम के जरिए प्रचार, उपभोक्ताओं को आकर्षित करना तथा सेवाएं प्रदान करना शामिल है। डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट मार्केटिंग का एक प्रमुख घटक है। यह ई-मेल, सोशल मीडिया वेबसाइट, ऑनलाइन कम्युनिटीज, कॉन्फ्रेंस, ब्लॉग, ग्राफिक बैनर फ्लोटिंग और इंटरनेट पर विज्ञापनों के जरिए प्रचार करने पर आधारित है। इसमें विज्ञापन लेख, चर्चाएं, लिंक्स टिप्पणियां भी शामिल होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग का स्कोप कितनी तेजी से बढ़ रहा है, इसका अंदाजा आप देश में हो रहे डिजिटलाइजेशन से देख सकते हैं। एक सर्वे के मुताबिक आने वाले 5 सालों में 15 से 20 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

डिजिटल मार्केटिंग
संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र

नेचर ऑफ वर्क

इंस्टिट्यूट ऑफ मार्केटिंग कम्युनिकेशंस इंडिया, के हायरेंकर समर अय्यास के मुताबिक आजकल किसी भी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट की बड़ी आवश्यकता होती है। ये मार्केटिंग टीम के अहम सदस्य होते हैं। डिजिटल मार्केटिंग मटेरियल को तैयार करने और उसे मैंटेन रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। कंपनीज के लिए प्रोफेशनल्स वेब बैनर ऐड, ईमेल्स और वेबसाइट्स बनाकर उनकी ब्रांडिंग करते हैं। इंटरनेट और डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए मार्केटिंग कैंपेन तैयार करते हैं, जिसे मोबाइल प्लेन और सोशल मीडिया के जरिये प्रचारित-प्रसारित किया जाता है।

प्रोफेशनल्स और टेक्नोलॉजी का ज्ञान रखने वाले युवाओं के बीच डिजिटल मार्केटिंग एक करियर विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इस क्षेत्र में कॉपी राइटर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, एनिमेटर्स, प्रोग्रामर्स, वेब डिजाइनर, कैंपेन मैनेजर, ऑनलाइन एजीक्यूटिव, एसईओ मैनेजर , एसएमओ मैनेजर, मैनेजर, ई-मेल मैनेजर और सोशल मीडिया प्रबंधकों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सॉल्यूशन कंपनियों और व्यवसाय संगठनों के मार्केटिंग के विभागों में रोजगार के खासा अवसर उपलब्ध हैं।

कोर्स एवं योग्यता

फेस्ट डेजुएट डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी का ग्रेजुएट होना जरूरी है। जो युवा मार्केटिंग, मास कम्युनिकेशन या फिर ग्राफिक डिजाइन में डेजुएट हैं, उनके लिए यह कोर्स और भी लाभदायक साबित हो सकता है। हालांकि सभी ग्रेजुएट इसके लिए योग्य हैं। आमतौर पर कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को टारगेट मार्केट आइडेंटिफिकेशन, एडवर्टाइजिंग स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग कैंपेन एनालिसिस, कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजी, टेक्नोलॉजी, बेसिक मार्केटिंग कॉन्सेप्ट्स, सर्च इंजन मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, सोशल मीडिया मार्केटिंग, सोशल मीडिया ऑप्टिमाइजेशन, ई-मेल मार्केटिंग, कॉन्टेंट राइटिंग आदि की जानकारी दी जाती है ताकि प्रभावी तरीके से संदेश लोगों तक पहुंचाया जा सके।

प्रमुख संस्थान

- इंस्टिट्यूट ऑफ मार्केटिंग कम्युनिकेशंस इंडिया, (IMCI), नोएडा, दिल्ली, हैदराबाद, वड़ोदरा
  www.imciindia.org
- भारतीय विद्या भवन, दिल्ली
  www.bvbdelhi.org
- एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई
  www.spjain.org

स्किल्स रिक्वायर्ड

इस क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए आपको निरंतर अपने कौशल तथा प्रौद्योगिकी, मार्केटिंग और डिजिटल मीडिया के संदर्भ में ज्ञान को बढ़ाना होगा। रचनात्मकता के अलावा आपको अच्छे तकनीकी कौशल की भी जरूरत होगी। तकनीकी कुशलता के संदर्भ में आपको वेब डिजाइन, सोशल मीडिया और वेब संबंधी सॉफ्टवेयर का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। विश्लेषणात्मक कौशल, अनुसंधान कौशल, कम्युनिकेशन स्किल, नेतृत्व कौशल और संचार कौशल भी अपेक्षित है। अगर आप इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाह रहे हैं तो आपको घंटों कम्प्यूटर पर बैठने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कौन से कोर्स?

डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको मार्केटिंग, आईटी, जनसंचार, विज्ञापन या सेल्स में डिग्री या डिप्लोमा की जरूरत है। कई संस्थान डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा और एग्जीक्यूटिव डिप्लोमा जैसे प्रोफेशनल कोर्स भी प्रदान करा रहे हैं। अगर आप इस क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं, तो आपको डिजिटल मार्केटिंग के सभी आयामों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। इसलिए आपको अन्य विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में हाथ आजमाना होगा और अन्य कौशल सीखने होंगे।

करियर की संभावनाएं

कारोबार में डिजिटल मार्केटिंग का महत्व बढ़ रहा है और उसके इस क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर भी बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से चरंचरिक मार्केटिंग के

अवसर

डिजिटल मार्केटिंग का दायरा बहुत बड़ा है। ई-कॉमर्स उद्योग में बूम आने से छोटी-बड़ी सभी कंपनीज अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने के लिए खुद की डिजिटल मार्केटिंग टीम बना रही हैं। इसके अलावा, डिजिटल मार्केटिंग एजेंसीज और ई-कॉमर्स कंपनियों में भी ढेर सारे अवसर हैं। ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट्स, सर्विस प्रोवाइडिंग कंपनीज, रिटेल कंपनीज आदि भी अनेक अवसर उपलब्ध करा रही हैं।

सैलरी पैकेज

इस फील्ड में सैलरी शानदार है। यहां प्रोफार्स को शुरुआत में 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी मिल जाती है। मगर कुछ साल के अनुभव वाले यहां 10 से 12 लाख रुपए का पैकेज भी प्राप्त कर सकते हैं।

■ मो. रज़ा